मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-451
08/12/2019

भारत में ब्राजील के राजदूत श्री ए0ए0 कोरिया डो लागो ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

पटना, 08 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग में भारत में ब्राजील के राजदूत श्री ए0ए0 कोरिया डो लागो ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राजदूत श्री ए0ए0 कोरिया डो लागो को अंगवस्त्र एवं करूणा स्तूप का प्रतीक चिह्न भेंट किया।

मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा ब्राजील के राजदूत को बिहार की सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहरों के बारे में बताया गया। मुख्यमंत्री ने राजदूत को बिहार म्यूजियम, पटना म्यूजियम, वैशाली के बुद्ध संग्रहालय, बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पशु विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना की गयी है। ब्राजील भी पशुओं के उत्पादकता के उन्नत तकनीक के लिये विश्व भर में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने ब्राजील के शोध संस्थान तथा बिहार के पशु विज्ञान महाविद्यालय के बीच ज्ञान का परस्पर आदान–प्रदान पर बल दिया। साथ ही ब्राजील के प्रतिनिधिमण्डल को बिहार आने का आमंत्रण दिया।

मुलाकात के क्रम में गन्ना की खेती में उत्पादकता बढ़ाने के साथ–साथ बायो फ्यूल से संबंधित नये तकनीकों पर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व ही राज्य सरकार द्वारा गन्ना से शत–प्रतिशत एथनॉल बनाने के संबंध में कानूनी प्रावधान करने के लिये केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया था परंतु उस पर सहमति नहीं बनी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुये अब वक्त आ गया है कि सभी को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिये।

मुलाकात के क्रम में जल–जीवन–हरियाली अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही जलवायु परिवर्तन के अनुकूल फसल चक्र अपनाने पर भी चर्चा की गयी। ब्राजील के राजदूत ने कहा कि कृषि एवं पशु विज्ञान के क्षेत्र में भारत और ब्राजील के बीच पारंपरिक तकनीकी साझेदारी की संभावना है। आगामी समय में इन विषयों पर आपसी समझौते होने की संभावना है। साथ ही बिहार और ब्राजील के बीच कृषि, बायो फ्यूल एवं पशु विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग की काफी संभावनायें हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा उपस्थित थे।

******